# नांदगांव टाइम्स

रविवार, 30 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 163, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





## श्री नरेंद्र मोदी जी

माननीय प्रधानमंत्री
के करकमलों से

**₹ 33,700 करोड़+**

की जन कल्याणकारी परियोजनाओं का

**लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्य प्रारंभ**

छत्तीसगढ़ के विकास और समृद्धि की दिशा में बढ़ते कदम

दिनांक 30 मार्च 2025

कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा ग्राउंड, बिल्हा, बिलासपुर | समय दोपहर 12:30 बजे

### लोकार्पण ₹2,830 करोड़

- रेलवे की 3 परियोजनाएँ ₹1,188 करोड़
- अभनपुर-मंदिर हसौद खंड में MEMU ट्रेन का शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)
- छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100% विद्युतीकरण
- सड़क अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹954 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 3 परियोजनाएँ ₹568 करोड़
- विद्या समीक्षा केंद्र, छत्तीसगढ़ का शुभारंभ ₹5 करोड़
- छत्तीसगढ़ में 130 पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ ₹114 करोड़

### गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3,00,000 लाभार्थियों का गृह प्रवेश

### शिलान्यास ₹15,117 करोड़

- रेलवे की 7 परियोजनाएँ ₹1,507 करोड़
- सड़क अवसंरचना की 1 परियोजना ₹322 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना ₹9,791 करोड़
- तेल एवं गैस अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹3,497 करोड़

### कार्य प्रारंभ ₹15,800 करोड़

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन (2x660 मेगावाट) SCTPP, कोरबा ₹15,800 करोड़



SAMVAD: RO NO.: 43378/93

# शहीदों की शहादत को नमन करते हुए प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने किया 33 यूनिट रक्तदान

## नेहरू महाविद्यालय में नीफा के संवेदना-2 के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 22 मार्च को शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 94 वें शहादत को नमन करते हुए प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रास एवं नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफ़ आर्ट एंड एक्टिविटीज (निफा) के संयुक्त तत्वाधान में संवेदना-2 अंतर्गत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के नवीन भवन में किया गया। शिविर को संचालित करने हेतु राजनांदगांव ब्लड बैंक से मेडिकल टीम को आमंत्रित किया गया था।

उक्त कार्यक्रम की शुरुआत कला संकाय प्रभारी डॉ. आशा चौधरी, प्राध्यापकगण डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, जी.के. यादव, गुलशन सिन्हा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमुराम पदमे श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, अविनाश सिंह, ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े, गोकुल प्रसाद, प्रभात बैस सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की संयोजक, विकसित भारत युवा नेता संवाद सरगुन भाटिया पिता अमरदीप भाटिया ने बताया कि यह पहल नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्ट एंड एक्टिविटीज (नीफा)



के तत्वावधान में संवेदना 2 के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य 21 मार्च से 23 मार्च तक पूरे भारत में 2.5 लाख यूनिट रक्त एकत्र करना था।शिविर में हुआ कुल 33 यूनिट रक्तदान - रक्तदान शिविर में आत्मानंद स्कूल की प्राचार्या, धनेश सिंन्हा, कुमकुम उज्जवने, धरम सिंन्हा, निलेश, रुचि जाम्बुलकर, महावीर कोचर, दीपेश वर्मा, मंजू धनकर, राहुल यादव, रोशन, रामेश्वर, महेश बोरकर, विकास, योगेश, भुनेश, अखिल पुर्वेश बांधव, अनुज, कामिनी, ऋचा अग्रवाल, किरण कुमार, विवेक श्रीवास, वेद प्रकाश साहू, लक्की ,प्रज्जवल, दुष्यंत, विकास, रामेश्वर आदि ने रक्तदान शिविर रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र जिसमें शहीद भगत सिंह के भतीजे का हस्ताक्षर है, उपहार, जूस और नाश्ता देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 55 पंजीकृत दाताओं में से 33 लोगो ने रक्तदान किया। उक्त 33 यूनिट रक्त जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होगा। इस आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का अद्भुत सहयोग देखने को मिला, जिससे यह शिविर बेहद सफल रहा। सभी ने इस महान सामाजिक पहल को साकार करने में प्राचार्य के समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। यह आयोजन देशभक्ति, बलिदान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है और समाज में दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देता है।

# डॉ. रमन सिंह ने 2 करोड़ 63 लाख 99 हजार रुपये की स्वीकृति दिलाई

## विभिन्न स्कूलों के विकास के लिए 1 करोड़ 99 लाख 10 हजार रुपये मंजूरी हुई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं, विगत माह ही उन्होंने करोड़ों रुपए के विकास की स्वीकृति प्रदान की थी । इस माह में भी उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एंव अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्कूलों के लिए हाई मास्क लाईट, सायकल रुङ्कस.रू एंव स्मार्ट बोर्ड के लिए 1 करोड़ 99 लाख 10 हजार रुपये के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दिलवाई है । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज ही, डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों के कारण विधानसभा राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यो के लिए 64 लाख 89 हजार रुपये की मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति मिली



है। इस तरह से कुल मिलाकर डॉक्टर रमन सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 2 करोड़ 63 लाख 99 हजार रुपए की स्वीकृति आज दिलवाई, जिससे राजनांदगांव विधानसभा में हर्ष की लहर व्याप्त है। श्री सिंह क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दिलाते हुए राजनांदगांव विधानसभा के 52 स्कूलों व 10 ग्राम में विकास / कार्यो पर प्रशासकीय स्वीकृति दिलवाई है । इन कार्यों की स्वीकृति मिलने पर महापौर मधुसूधन यादव भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, , पूर्व राजगामी संपदा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, , जिला सहकारी के.मर्या. बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत उपध्यक्ष किरण साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चन्द्राकर, जिला उपध्यक्ष लीलाधर साहू, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता , सुमित भटिया, मनोज साहू , खिलेश्वर साहू व रोहित चन्द्रकार, अतुल रायजाद , तरुण लहरवानी, कृष्णा तिवारी, दिनेश शर्मा, बलराम निर्मलकर, ऋषि चौधरी, आकाश चोपड़ा, खेमदास साहू, गोविन्द देवांगन, देवकुमारी साहू, मनहरण साहू, कृष्णा साहू, सहित ग्रामीण भाजपा के पदाधिकारी एवं समस्त सरपंचों एवं कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव पर आज युवाओं की भव्य मोटरसाइकिल रैली

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 30 मार्च को सुबह भोग साहब झूलेलाल नगर और हेमू कालानी नगर में 30 मार्च को ही युवाओं की भव्य मोटरसाइकिल रैली सुबह 11बजे से जो झूलेलाल नगर में 1 बजे पहुंचेगी 30 मार्च को ही दोपहर को 1:00 बजे भंडारा साहब की व्यवस्था रखी गई है पूरे समाज के लोग एक साथ भंडारा लेंगे एवं शाम 4 बजें भव्य शोभा यात्रा को नगर भ्रमण करते झूलेलाल घाट पर पहुंचेगी घाट पर ही सबसे बड़ा प्रोग्राम होता है वह झूलेलाल घाट में रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक के झूलेलाल घाट में विशेष सजावट और बहराणा साहब का विसर्जन वहीं पर रात में भंडारा और हमारे



समाज के सबसे प्यारे सिंगर विशाल कट ?टर इनका विशाल म्यूजिक ग्रुप के नाम से है यह अपना प्रोग्राम देंगे और रात्रि में ही महा आरती और भंडारा साहब का विसर्जन कर प्रसादी भंडारा भंडारा की व्यवस्था झूलेलाल घाट में रखी गई है विशाल रैली में युवाओं की इसमें भी कोड वर्ड है सफेद कलर का पजामा और सफेद कुर्ता आवश्यक विनतियां सभी सिंधी भाई अपने व्यावसायिक संस्थाएं दुकान फैक्ट्री ऑफिस इत्यादि पूरी तरह बंद रखें शोभायात्रा में प्रत्येक घर में काम से कम दो व्यक्ति अंत तक अवश्य शामिल रहे सिंधी समाज परिवार से निवेदन चेटीचंड के दिन अपने-अपने घरों में पांच दीपक अनिवार्य रूप से प्रचलित करें धन्यवाद।

## महापौर ने पूज्य सिंधी समाज को चेटीचंद-झूलेलाल जयंती की दी बधाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** परम् पूज्य सिंधी समाज के इष्टदेव साई झूलेलाल जी जयंती के पावन पर्व पर सिंधी समाज के वरिष्ठजनों, युवाओ व महिलाओं को महापौर श्री मधुसूदन यादव ने चेटीचंद की बधाई दी है। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि झूलेलाल जी के आर्शीवाद से धन धान्य, हौसले और वनस्पति के साथ स्वस्थ्य मानव की परिकल्पना के साथ कर्मठता और उद्यमी होना इस समाज की पहचान बनी है। महापौर श्री यादव ने बधाई देते हुये कहा कि इस दिन की पूजा, भगवान झूलेलाल के जीवन और उनके कार्यों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उनकी कथा और पूजा समाज में धर्म, सत्य और शांति के महत्व को उजागर करती है और लोगों को अपने जीवन में सद्गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिन को मनाकर लोग अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का स्वागत करते हैं।

## झूलेलाल जयंती (चेटीचंद)- विधानसभा अध्यक्ष व विधायक एवं सांसद ने दी सिंधी समाज को बधाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चेटीचंद-झूलेलाल जी की जयंती के पावन पर्व पर सिंधी समाज के समाजिक बंधुओ को विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे ने बधाई दी है। उन्होंने अपने बधांई संदेश में कहा कि यह दिन विशेष रूप से सिंध समुदाय के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इसे भगवान झूलेलाल के जन्म के दिन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को सिंधी समाज के लोग अपने घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना करके मनाते हैं। यह दिन भगवान झूलेलाल की उपासना और उनके प्रति श्रद्धा को दर्शाता है। विधायक डॉ. सिंह ने बधाई देते हुएं कहा कि भगवान झूलेलाल का नाम सिंधियों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। उन्हें जल देवता और महान संत के रूप में पूजा जाता है। भगवान झूलेलाल जयंती का महत्व इसलिए है क्योंकि यह पर्व सिंधी समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इस दिन को मनाकर सिंधी लोग अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का स्वागत करते हैं। सांसद श्री पाण्डे ने बधाई संदेश में कहा कि भगवान झूलेलाल की पूजा से समाज के लोगों को मानसिक शांति, शारीरिक सुख और सामाजिक समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पर्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सिंधी समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और बढ़ावा देता है।

**शुभांक**

**2-4-5**

**234-9 556-6**

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI GODAWARI BASIN RAIPUR (C.G.)

ePROCUREMENT TENDER NOTICE

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM No. 01

IN NIT No. : 09/SAC/2024-25 Dated: 06.03.2025, System Tender No. 164766 (1st Call), G.No. 242505829/1

| S. No. | Amendments | | |
|---|---|---|---|
| | Unavoidable Reason | | |
| 1 | Online Tenders are Invited up to | Previous Date 27.03.2025 at 17.30 hour | Amendment Date 01.04.2025 at 17.30 hour |
| 2 | Bid Open Date and time: | 28.03.2025 at 11.30 hours | 02.04.2025 at 11.30 hours |

Note: All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

Executive Engineer
Water Resources Barrage Division, Dongargaon
G-06196 For, Chief Engineer, Mahanadi Godavari Basin Raipur (C.G.)

# पर्यावरण की चिंता संग बुजुर्गों व नवनिर्वाचित पार्षदों का हुआ सम्मान

## अभिनंदन गेलेक्सी परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह, सतत जीव-जंतु संरक्षण व पेयजल संवर्धन का लिया गया निर्णय !







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खुशियों का पर्व होली के पखवाड़ेभर बाद अभिनंदन गेलेक्सी परिवार ने होली मिलन समारोह आयोजित की । अपने सामाजिक दायित्व के लिए सजग अभिनंदन गेलेक्सी परिवार ने परिसर में स्थित आकर्षक उद्यान में होली मिलन आयोजित की । पर्यावरण संरक्षण थीम पर आयोजित होली मिलन समारोह में सर्वप्रथम आगंतुक वृहद अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया । अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के प्रथम होली मिलन के अवसर पर कालोनी के सभी परिवार के सदस्यों ने अपना परिचय दिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निर्वहन की बात कही । होली मिलन के शुभ अवसर पर अभिनंदन परिवार के निमंत्रण पर पधारे नवनिर्वाचित पार्षदों सतीश साहू व जैनम बैद का शुभंकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पार्षद सतीश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करे हुए वे अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के हर सुख-दुख में उनके साथ रहेंगे वहीं पार्षद जैनम बैद ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हर संभव मदद व पार्षद सतीश साहू के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही । प्रथम होली मिलन के अवसर पर अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के अनुभव की थाती बुजुर्गों का तिलक लगा, शुभंकर माला पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया गया । बुर्जुर्गों ने सम्मान पश्चात प्रशंसा व्यक्तकर कालोनी में खुशियों की बरसात होने की कामना की । अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के प्रथम होली मिलन के अवसर पर परिवार की महिला सदस्यों ने अभूतपूर्व खुशियों का वातावरण बनाया और म्युजिकल चेयर, दिल से गाना गाओ , बच्चों के खेल आयोजित की। खेल के पश्चात सभी विजेताओं को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। समारोह में स्वरूचि अनुसार सूर्यास्त पूर्व भोजन व रात्रिभोज का भी प्रबंध किया गया था । वृहद अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के प्रथम होली मिलन समारोह के लिए पीयूष बैद के नेतृत्व में राकेश बोहरा, पंकज पारख , जैनेन्द्र लूनिया, ऋषभ नाहटा,राजेंद्र सुराणा , राजकुमार कटारिया की सतत परिश्रम की सभी ने सराहना की । समारोह का विशेष आकर्षण डा प्राची साहू और लोकेन्द्र साहू का काव्यमय मंच संचालन रहा ।

## प्राथमिक शाला चिरचारीकला मे कक्षा 5 वी के बच्चों को बिदाई दी गई

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संकुल



चिरचारीकला के शास. प्राथमिक शाला चिरचारीकला मे कक्षा 5 वी के बच्चों का बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों को सम्मानित किया गया व न्योता भोज के रूप मे खीर पुड़ी व मीठा खिलाया गया 7 कक्षा 1,2,3,4 के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गईं व कक्षा 5 वी के बच्चों ने अपना अपना अनुभव शेयर किए 7इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक दुर्गेश कुमार मालेकर, शाला के शिक्षिका जया कंवर, लता साहू, शिक्षक एकलव्य कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष झन्ना लाल बसु,सदस्य नरेंद्र दमोहे व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे ।

# अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया ट्रक, चालक सहित दो घायल

## जिला मुख्यालय खैरागढ़ में फिर दिखा तेज रफ्तार का कहर, अधूरे बाईपास के कारण खैरागढ़ में ट्रैफिक का दबाव



**खैरागढ़.** जिला मुख्यालय खैरागढ़ में लगातार तेज रफ्तार का कहर जारी है। बीती रात एक हैवी व्हीकल ट्रक अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क पर पलट गया जिसमें ट्रक का चालक और सड़क किनारे दुकान चलाने वाला एक व्यक्ति घायल हो गया है। बता दे कि अधूरे बाईपास के कारण जिला मुख्यालय खैरागढ़ में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हादसों की बड़ी वजह अधूरा बायपास और खैरागढ़ में सड़क किनारे बेतरतीब अतिक्रमण का होना है। जानकारी अनुसार गुरुवार की रात रश्मि देवी नगर साईं मंदिर के पास कवर्धा स्टेट हाईवे में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो लोग घायल हो गये वहीं ट्रक चालक को गंभीर हालत में इलाज के लिये राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बारदाना से भरा ट्रक राजनांदगांव से साल्हेवारा की ओर जा रहा था तभी साईं मंदिर के आगे साइकिल रिपेयरिंग दुकान के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। मौके पर संजय टंडन और उनका एक साथी मौजूद था। ट्रक की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। संजय टंडन का नाबालिग बेटा भी वहीं खेल रहा था लेकिन संजय ने उसे समय रहते बचा लिया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया वहीं हादसे में बालाघाट जिले का रहने वाला ट्रक चालक टिकेंद्र चौहान का हाथ ट्रक में बुरी तरह फंस गया जिसे निकालने के लिये क्रेन मंगानी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया।

### 18 साल में पूरा नहीं हो पाया 5 किमी दूरी का बायपास सड़क

नगर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिये 18 साल पहले शुरू किया गया बाईपास निर्माण का काम आज भी अधूरा है जिसकी वजह से भारी वाहनों के नगर में प्रवेश से दुर्घटनाएं घट रही है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बनाए जाने के बाद से मुख्यालय में यातायात का दबाव कई गुना बढ़ गया है वहीं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने आनन-फानन में जिला गठन तो कर दिया लेकिन आधारभूत ढांचे के विकास की कोई ठोस योजना नहीं बनाई यहीं कारण है कि आज भी



जिला मुख्यालय पॉलिटेक्निक कॉलेज में और एसपी कार्यालय डाइट बिल्डिंग में चल रहा है।

### टोल बचाने जिला मुख्यालय से बेरोक-टोक दिन-रात गुजर रहे भारी वाहन

जिला मुख्यालय खैरागढ़ की सड़कों पर महज कुछ रुपयों का टोल और थोड़ी दूरी बचाने भारी वाहन दिन-रात गुजर रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से जिला मुख्यालय में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ा है और यही वजह है कि यहां दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। यातायात समस्या को हल करने के लिए 18 वर्ष पहले एक एक अदद बायपास सड़क बनाने की योजना शुरू हुई थी लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और प्रशासनिक भर्राशाही के कारण यह आज भी अधूरी पड़ी है। नतीजा यह है कि भारी वाहन शहर के बीच से गुजरने को मजबूर हैं जिससे दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं।

# महापौर पानी का हाल जानने सुबह वार्डो में दे रहे दस्तक



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर मधुसूदन यादव महापौर का शपथ लेने के बाद से ही निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में जाकर नागरिको से रूबरू हो उनसे मूलभूत सुविधा के बारे में चर्चा कर उनकी समस्या से अवगत हो कर अधिकारियो को यथासंभव निराकरण के निर्देश दे रहे है। आज उन्होंने वार्ड 39 व वार्ड 43 के पठान पारा, सारथी पारा तथा शिकारी पारा में पानी की समस्या की जानकारी होने पर वार्ड पार्षद एवं अधिकारियों के साथ पहुॅच नागरिकों से चर्चा किये।महापौर श्री मधुसूदन यादव वार्डवासियों से मुलाकात की कडी में आज सुबह वार्ड नं. 39 पहुॅच पार्षद श्री रवि सिन्हा के साथ पठानपारा, सारथी पारा में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से चर्चा किये। वार्डवासियो ने कम पानी आने की शिकायत की। महापौर श्री यादव ने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे से कहा कि वाल्व लगाने से पानी की समस्या बतायी जा रही है, इसकी जॉच कर निराकरण करे। जिस दिन दोनो समय पानी आता है उस दिन निरीक्षण कर समाधान का रास्ता निकाले। इसी प्रकार महापौर श्री यादव ने वार्ड नं. 43 शिकारी पारा में पानी की समस्या पर पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव के साथ पहुॅच मोहल्ले वासियों से जानकारी लिये। उन्होंने बताया कि शिकारी पारा डोंगरगाव रोड क्षेत्र के कुछ घरो में पानी नहीं आता है। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि इसका सर्वे कर कार्यवाही करे और स्थिति समान्य होते तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत टैंकर से पानी सप्लाई करे। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि कम पानी आने या पानी नही आने की शिकायतो को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता से उसका समाधान करें।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202501090100004/-21(1)**

विषयः- अ-21 (1)। मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

बनभेड़ी (प.ह.न. 00034),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- चुम्मन लाल चन्द्रवंशी जाति कंवर,

अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन राजस्व विभाग,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुम्मन लाल चन्द्रवंशी आ. अजर चन्द्रवंशी जाति कंवर निवासी ग्राम बनभेड़ी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम बनभेड़ी, प.ह.नं. 34. अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 89/1 रकबा 0.82 एकड़ /0.332 हे. को मकान निर्माण, बच्चो की उच्च शिक्षा एवं कृषि कार्य हेतु उन्नत औजार खरीदने हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी श्रीमती चित्रा शर्मा पति श्री विजय शर्मा निवासी महावीर सनसिटी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/4/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2025 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगांव

nandgaon times march-30-4.qxd 3/29/2025 10:46 PM Page 3



# भगवद् कृपा से ही भगवान् को जाना जा सकता है : सुश्री धामेश्वरी देवीजी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्टेट हाई स्कूल मैदान में चल रही जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के पाचवें दिन देवी जी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि बुद्धि से भगवान् को जाना नही जा सकता परंतु यदि किसी पर भगवान् की कृपा हो जाये और भगवान् की बुद्धि (दिव्य शक्ति) उसे मिल जाये, तो साधारण मनुष्य भी भगवान् को जान सकता है। भगवद् कृपा के बिना भगवान् को नहीं जाना जा सकता। वास्तव में भगवान् की कृपा का सही अर्थ समझना होगा, शास्त्रों से और संतो से। देवीजी ने यह भी बताया कि सगुण साकार भगवान् ही कृपा करता हैं इनकी कृपा के बिना किसी की भी माया-निवृत्ति नहीं हो सकती। किन्तु भगवान् की कृपा के सिद्धांत का मतलब यह नहीं की सब कुछ भगवान् ही करेगा, हमें भी कर्म करने की आवश्यकता है। कर्म का मतलब है प्रमुख रूप से मन से हरि गुरु का स्मरण एवं उनकी मानसी सेवा यह भक्ति रूपी पुरुषार्थ है।

विश्व के अधिकांश महानुभाव यह कह दिया करते है कि ईश्वर की इच्छा के बिना कुछ नही हो सकता। कुछ लोग कोटेशन आदि के द्वारा प्रत्येक कर्म के लिए भगवान् को जिम्मेदार ठहराते है। उसे जैसा करना होता है, करा लेता है। किन्तु यह बात गलत है। ईश्वर ने हमें मनुष्य देह दिया, कर्म करने की शक्ति दी। चाहे हम अच्छे कर्म करे, चाहे बुरे कर्म। भगवान् उन कर्मों को नोट करता है फिर उन कर्मों के अनुसार हमें फल



देता है। भगवान् ने हमें सत्कर्म करने की शक्ति दी है किंतु उसकी दी हुई शक्तियों का हम दुरुपयोग करते है। यानि संसार में आसक्ति करते है और फिर कह देते है, हमारे भाग्य में नहीं है। अथवा भगवान् को दोषी ठहराते है। मनुष्य देह प्राप्त करके ईश्वर की भक्ति करने की बजाय संसार की जिम्मेदारियों की आड़ लेते रहते हैं।

जब भगवान की भक्ति का नंबर आता है तो मनुष्य बहाना बनाता है कि मेरे भाग्य में नहीं लिखा है या तो समय नहीं आया है या तो ईश्वर की इच्छा नहीं है। इसका मतलब यह है भगवान् की इच्छा से ही मनुष्य देह मिलता है और मनुष्य देह केवल भगवान को पाने के लिए ही मिलता है क्यूंकि चैरासी लाख में पशु पक्षी कीट पतंग भगवान् को नहीं जान सकते है तो इसीलिए मनुष्य देह भगवान् देते है और जब तक हम भक्ति रुपी पुरुषार्थ नहीं करेंगे हमारा भाग्य भी अच्छा नहीं हो सकता। भाग्य को अच्छा स्वयं को बनाना पड़ता है, वो पुरुषार्थ से परिश्रम से होगा। भगवान् हमें पुरुषार्थ को करने के लिए मार्ग बताएँगे किन्तु मनुष्य को स्वयं ही पुरुषार्थ करना है और उसी पुरुषार्थ से भगवान की कृपा होगी, बहुत से लोग भगवान की कृपा का गलत मतलब लगते हैं कि सब कुछ ईश्वर ही कराता है। ईश्वर तभी कराएगा जब हम परिश्रम करेंगे किन्तु कोई कितना भी परिश्रम करे भगवान की कृपा पाने के लिए शर्त होती है वो शर्त क्या है वो कल बताया जायेगा। प्रवचन के अंत में श्री राधाकृष्ण भगवान की आरती के साथ समापन हुआ। 15 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 8 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।

## हजारों दियो से जगमग हो उठेगा बूढ़ा सागर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** झूले लाल जयंती के उपलक्ष्य में शनि देव धाम रानीसागर एवं पूज्य सिंधी समाज द्वारा आज बूढ़ा सागर में हजारों की संख्या में दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान झूलेलाल जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाएगा उक्त दीप प्रजवल्लन का उदेस्य जल रक्षा संरक्षण एवं संवर्धन जोकि आज बहुत ही जरूरी है,का संदेश देना है उक्त जानकारी अधिवक्ता राकेश ठाकुर ने दी

## नगर पालिका पीआईसी का गठन.

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त कर पीआईसी का गठन कर लिया है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा अपनी पीआईसी सदस्यों की घोषणा गुरुवार की देर शाम एक बैठक आहूत कर कर दी गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्रर सिंह बत्रोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप बाघ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष डोंगरे के द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 में उल्लेखित विहित प्रावधान बताते हुए पीआईसी गठन की जानकारी दी गई। जिसमे आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग का जिम्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद अमित जैन को दिया गया। जलकार्य विभाग देवेन्द्र साखरे, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग डी एकेश राव, राजस्व और बाजार विभाग सुमित ताम्रकार, खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुर्नवास तथा नियोजन प्रीति समुंद्रे, शिक्षा डॉ. रेखा रार्घोते, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग पालिका के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा को दिया गया है।

## मेंढ़ा से कु. साईना परवीन एवं कु. कुंजन चंद्रवंशी का नवोदय में चयन

**मेंढ़ा (डोंगरगढ़) (नांदगांव टाइम्स)।** जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा का परिणाम गत दिनों घोषित हुआ जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर मेंढ़ा से कु. साईना परवीन पिता मोहम्मद साबीर अली और कु. कुंजन चंद्रवंशी पिता रवि कुमार चंद्रवंशी दोनों मेंढ़ा निवासी है इन दोनों का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है ।इस सफलता पर समिति के अध्यक्ष श्री रोहित देवांगन, शिक्षा व्यवस्थापक सचिव श्री चंद्रकुमार देवांगन, प्रधानाचार्य श्री मति रानी देवांगन, आचार्य श्री आनंदी यादव, संजय साहू , सतदेव साहू, सुधा देवांगन, कु मानबाई देवांगन, वर्षा साहु, डिम्पल दुबे, कुसुम बोडेलकर एवं नंदनी सिन्हा ने चयनित बच्चों को बधाई दी।






## निधन

**श्रीमती उषा देवी खण्डेलवाल**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रीमती उषा देवी खण्डेलवाल धर्मपत्नी स्व.श्री मदन लाल खण्डेलवाल का निधन 29 मार्च 2025 को प्रात: को 6:30 बजे हो गया है। उनका अंतिम यात्रा आज अपराह्न 4:30 बजे निजनिवास स्थान च्कृष्णभूमिज्ज् केशर नगर संत सुन्दरदास जी मार्ग गायत्री स्कूल के पास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे दो पुत्र जय खंडेलवाल एव अमित खण्डेलवाल एव दो पुत्री नाती पोता सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गये।



## अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय का वर्चुअल शुभारंभ

### न्यायिक प्रणाली में एक और मील का पत्थर अंबागढ़ चौकी में



**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के द्वारा कन्या शिक्षा परिसर प्रशासकीय भवन अंबागढ़ चौकी में नवस्थापित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायालय का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। माननीय मुख्य न्यायाधिपति ने इस अवसर पर उच्च न्यायालय बिलासपुर से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण एवं खुशी का पल है कि अम्बागढ़ चौकी में व्यवहार न्यायालय का शुभारंभ किया जा रहा है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में व्यवहार न्यायालय की स्थापना होने से पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के लिए कार्य का अच्छा वातावरण निर्मित होगा और उन्हें अपने मामलों की सुनवाई के लिए राजनांदगांव तक नहीं आना पड़ेगा। मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा नवउद्घाटित अम्बागढ़ चौकी व्यवहार न्यायालय का वर्चुअली निरीक्षण किया गया ।इस अवसर न्यायमूर्ति संजय अग्रवाल, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं जिला-राजनांदगांव के पोर्टफोलियो जज, श्रीमती सुषमा सावंत, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव, कलेक्टर संजय अग्रवाल राजनांदगांव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, नगर पंचायत अं.चौकी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ सुश्री भारती चन्द्राकर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना उपस्थित थे।

## महाकाल की तर्ज पर निकली श्रीमद् देवी भागवत की शोभा यात्रा

### जगह-जगह हुआ स्वागत, आमजन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महेश्वरी समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि एवं माहेश्वरी भवन में स्थापित गुप्तेश्वर महादेव के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के पहले दिन आज शाम गायत्री मंदिर प्रांगण से महाकाल की तर्ज पर भव्य शोभायात्रा निकली। इस शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। इस शोभायात्रा में पीले और संतरा कलर के परिधान में 701 कलश धारण की हुई महिलाएं और हिंदू संस्कृति के अनुरूप सफेद कुर्ता पजामा पहने पुरुष के साथ ही ढोल मंजीरा और बैंड लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान पूरा शहर धर्ममय हो गया। गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण से आज शाम निकली भव्य शोभायात्रा में आकर्षक रथ पर सवार कथावाचक शास्त्री श्री ईश्वर चंद जी व्यास विराजमान थे। रथ के ठीक सामने ही पोथी धारण किए लोग चल रहे थे। शोभायात्रा में मां नव दुर्गा की प्रतिमा एवं आकर्षक झांकी भी थी। बैंड बाजा ढोल मजीरा के साथ निकली इस भव्य शोभा यात्रा का जगह जगह धर्मप्रेमी माताओं बहनों एवं भाइयों द्वारा स्वागत किया गया। महिलाओं ने शोभा यात्रा में पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर रामाधीन मार्ग होती हुई महेश पथ से भारत माता चौक , हलवाई लाइन, आजाद चौक ,सिनेमा लाइन से महाकाल चौक ,गांधी चौक ,ब्राह्मणपारा चौक, दुर्गा चौक ,बाल गोविंद चौक से सदर बाजार होती हुई कामठी लाइन से दिल्ली दरवाजा स्थित गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण वापस पहुंचकर संपन्न हुई ।झांझ, डमरू,मजीरा, बैंड बाजा से सुसज्जित शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान पूरे शहर का माहौल धर्म हो गया। शोभायात्रा में आमजन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। सांसद संतोष पांडे एवं जनप्रतिनिधियों ने महाकाल चौक में शोभायात्रा का स्वागत किया। वेयरहाउस कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा शोभायात्रा में साथ-साथ चल रहे थे।

शोभायात्रा के अगले दिन कल 30 मार्च रविवार को अपराह्न 3:00 से शाम 6:30 तक श्रीमद् देवी भागवत कथा जूनागढ़ गुजरात से पधारे शास्त्री श्री ईश्वर चंद्र जी व्यास के श्रीमुख से सुनने को मिलेगी। शास्त्री श्री ईश्वर चंद्र जी व्यास द्वारा पांच अप्रैल तक प्रतिदिन अपराह्न 3:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत की सस्वर कथा सुनाई जाएगी।



आयोजन समिति माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कथा के पहले दिन 30 मार्च को व्यास चरित्र, 31 मार्च को सुकदेव चरित्र, 1 अप्रैल को देवी प्राकट्य महालक्ष्मी कुमारी पूजन, 2 अप्रैल को देवी चरित्र वर्णन ,3 अप्रैल को महाकाली, चामुंडा, चंडी आदि देवियों की प्राकट्य कथा, 4 अप्रैल को माता का अन्नकूट एवं 56 भोग , 5 अप्रैल को पंच प्रकृति की कथा तथा 6 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी होगी तथा सात अप्रैल को सुबह दस बजे माता का विसर्जन होगा ।आयोजन समिति ने श्रीमद् देवी भागवत की कथा में सभी समाज के धर्म प्रेमी माताओं,बहनों एवं भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## नवरात्रि के 9 दिनों में माताजी को लगने वाले भोग की विधि और महत्व : अभिषेक दुबे

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** नवरात्रि के 9 दिनों में माताजी को विभिन्न प्रकार के भोग लगाए जाते हैं, जो उनकी पूजा और आराधना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अभिषेक कृष्ण शास्त्री के अनुसार, नवरात्रि के प्रत्येक दिन माताजी को अलग-अलग प्रकार के भोग लगाने की परंपरा है, जो उनकी विशेषताओं और गुणों को दर्शाते हैं।

**नवरात्रि के 9 दिनों में माताजी को लगने वाले भोग:**

1. प्रथम दिन: शैलपुत्री माता को घी और शक्कर का भोग

प्रथम दिन शैलपुत्री माता को घी और शक्कर का भोग लगाया जाता है, जो उनकी शुद्धता और पवित्रता को दर्शाता है।

2. द्वितीय दिन: ब्रह्मचारिणी माता को शक्कर और मिश्री का भोग

द्वितीय दिन ब्रह्मचारिणी माता को शक्कर और मिश्री का भोग लगाया जाता है, जो उनकी तपस्या और संयम को दर्शाता है।

3. तृतीय दिन: चंद्रघंटा माता को दूध और दही का भोग

तृतीय दिन चंद्रघंटा माता को दूध और दही का भोग लगाया जाता है, जो उनकी शीतलता और शांति को दर्शाता है।



4. चतुर्थ दिन: कुष्मांडा माता को मालपुआ का भोग

चतुर्थ दिन कुष्मांडा माता को मालपुआ का भोग लगाया जाता है, जो उनकी सृजन शक्ति और जीवन को दर्शाता है।

5. पंचम दिन: स्कंदमाता को केले का भोग

पंचम दिन स्कंदमाता को केले का भोग लगाया जाता है, जो उनकी मातृत्व और प्रेम को दर्शाता है।

6. षष्ठम दिन: कात्यायनी माता को शहद का भोग

षष्ठम दिन कात्यायनी माता को शहद का भोग लगाया जाता है, जो उनकी मीठी और आकर्षक प्रकृति को दर्शाता है।

7. सप्तम दिन: कालरात्रि माता को गुड़ का भोग

सप्तम दिन कालरात्रि माता को गुड़ का भोग लगाया जाता है, जो उनकी शक्ति और ऊर्जा को दर्शाता है।

8. अष्टम दिन: महागौरी माता को नारियल का भोग

अष्टम दिन महागौरी माता को नारियल का भोग लगाया जाता है, जो उनकी शुद्धता और पवित्रता को दर्शाता है।

9. नवम दिन: सिद्धिदात्री माता को हलवे का भोग

नवम दिन सिद्धिदात्री माता को हलवे का भोग लगाया जाता है, जो उनकी सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ प्रकृति को दर्शाता है

इन भोगों को लगाने से माताजी की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होता है, और भक्तों को सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है।

## धर्म समाचार....

# शक्ति की उपासना का पर्व है नवरात्रि

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स)।** हिन्दू धर्म में नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा को समर्पित है , आज से चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिन्दूओं का नवसंवत्सर भी शुरू हो जायेगा। ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र प्रतिपदा से ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। सनातन धर्म में शक्ति की देवी माता दुर्गा की पूजा का विशेष महत्व है। इसी के चलते साल में दो प्रकट (चैत्र , आश्विन) नवरात्रि और दो गुप्त (आषाढ़ , माघ) नवरात्रि पर्व मनाये जाते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों को बेहद पवित्र माना जाता है। इस दौरान लोग देवी के अलग अलग नौ रूपों मां शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी , चंद्रघंटा , कुष्मांडा , स्कंदमाता , कात्यायनी , कालरात्रि , महागौरी और सिद्धिदात्रि की पूजा-अर्चना , आराधना कर उनसे सुख , समृद्धि की आशीर्वाद माँगते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि शक्ति उपासना के पर्व नवरात्रि में माता दुर्गा नौ दिनों के लिये पृथ्वी पर आती हैं और अपने भक्तों की साधना से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करती हैं। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा के ऊर्जा और शक्ति की उपासना का महत्व होता है। फिर नवरात्रि के चौथे , पांचवें और छठे दिन पर सुख और समृद्धि प्रदान करने वाले देवी लक्ष्मी , सातवें दिन कला और ज्ञान की देवी सरस्वती की उपासना होती है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन कर माता की विदाई की जाती है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार यह चैत्र नवरात्रि आज 30 मार्च से शुरू होकर 06 अप्रैल रामनवमी के साथ समाप्त हो जायेगा। इस साल एक तिथि का क्षय होने के 'कारण नवरात्रि नौ के बजाए आठ दिनों के होंगे। इस बार तृतीया तिथि की क्षय होने के कारण द्वितीया और तृतीया एक ही तारीख 31मार्च को है। उस दिन दो देवी मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा की पूजा होगी। इस बार नवरात्रि का आरंभ और समापन दोनों रविवार को हो रहा है, जिससे मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आयेंगी और इसी पर ही प्रस्थान करेंगी। हाथी पर माता का आगमन बेहद शुभ माना जाता है जो अच्छे वर्षा चक्र , समृद्धि और खुशहाली का संकेत देता है। नवरात्रि से जुड़े कई रीति-रिवाजों के साथ कलश स्थापना का विशेष महत्व है। नवरात्रि की शुरुआत घट स्थापना के साथ ही होती है जिसे कलश स्थापना भी कहा जाता है जो शक्ति की देवी का आह्वान है। आज नवरात्रि के पहले दिन माँ दुर्गा की पूजा आराधना च्शैलपुत्रीज्ज् के रूप में होगी। पर्वतराज हिमालय के घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम च्शैलपुत्रीज् पड़ा। इनका रुप सौम्य और शांत है , सफेद वस्त्र धारण की हुई इन देवी के चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती है। माना जाता है कि देवी शैलपुत्री की आराधना करने से तामसिक तत्वों से मुक्ति मिलती है। माता शैलपुत्री का नाम लेने से घर में पवित्रता आती है। शैलपुत्री नंदी नाम के वृषभ पर सवार होती हैं और इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल का पुष्प है। यह त्रिशूल जहां भक्तों को अभयदान देता है, वहीं पापियों का विनाश करता है। बायें हाथ में सुशोभित कमल का पुष्प ज्ञान और शांति का प्रतीक है। मां को सफेद वस्तु अतिप्रिय है। नवरात्र के पहले दिन मां को सफेद वस्त्र और सफेद फूल और सफेद भोग चढ़ाने के साथ ही सफेद बर्फी का भी भोग लगाना चाहिये। मां के इस पहले स?वरूप को जीवन में स्थिरता और दृढ़ता का प्रतीक माना जाता है। शैल का अर्थ होता है पत?थर और पत?थर को दृढ़ता की प्रतीक माना जाता है। मां शैलपुत्री के चरणों में गाय का घी अर्पित करने से भक्तों को आरोग्य का आशीर्वाद मिलता है और उनका मन एवं



शरीर दोनों ही निरोगी रहता है। इनकी उपासना से विशेष फल की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में नियमों का पालन महत्वपूर्ण माना गया है। नवरात्रि में विधिपूर्वक पूजा करने से मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है। चैत्र नवरात्रि में मां की पूजा करने से जीवन में आने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलती है वहीं सुख, समृद्धि और जीवन में शांति बनी रहती है। नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा में तीन चीजों का विशेष महत्व है इसलिये इन तीन चीजों के बारे में विशेष ध्यान रखना चाहिये क्योंकि नवरात्रि में इन तीन चीजों के बिना माँ दुर्गा की पूजा अधूरी मानी जाती है। माँ की पूजा में लाल रंग का विशेष महत्व है. नवरात्रि की पूजा में इस रंग सर्वाधिक प्रयोग होता है. क्योंकि मां दुर्गा को लाल रंग अधिक पसंद है। इसलिये घटस्थापना और माता स्थापित करने के लिये लाल रंग के वस्त्र से आसन सजाया जाता है. इसके साथ ही लाल चुनरी और कुमकुम का टीका लगाया जाता है। नवरात्रि का पूजन आरंभ करने से पूर्व मां दुर्गा को लाल रंग की चुनरी चढ़ाई जाती है. ध्यान देने वाली बात ये है कि मां दुर्गा को कभी भी रिक्त चुनरी नहीं चढ़ानी चाहिये ,चुनरी के साथ सिंदूर यानि श्रृंगार की सामग्री, मेवा, फल, मिष्ठान, नारियल आदि भी चढ़ाने चाहिये। नवरात्रि में अखंड ज्योति का विशेष महत्व है. अखंड ज्योति से घर में सकरात्मक ऊर्जा आती है और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होती है. अखंड ज्योति को जलाने से पूर्व स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जाना चाहिये , ज्योति जलाने के लिये पीतल या मिट्टी के बने दीपक का प्रयोग करना चाहिये गाय के घी से इस अखंड ज्योति को जलाया जाता है। अखंड ज्योति जलाने के बाद घर को खाली नहीं छोड़ा जाता है। इन नौ दिनों में रोजाना देवी मां को भोग लगाना चाहिये। देवी मां को सिर्फसात्विक चीजों का ही भोग लगाना चाहिये , साथ ही देवी मां को लाल रंग के पुष्प अर्पित करना शुभ माना गया है।

**हाथी पर होगा देवी का आगमन**

हालांकि दुर्गा माँ का वाहन सिंह है , लेकिन इस बार माँ दुर्गा का वाहन हाथी रहेगा यानि इस नवरात्रि में देवी का आगमन हाथी पर होगा। हर साल नवरात्र पर देवी अलग-अलग वाहन से धरती पर आती हैं। कलश स्थापना के दिन देवी किस वाहन पर सवार होकर पृथ्वी लोक की ओर आ रही हैं , इसका मानव जीवन पर काफी प्रभाव होता है। दरअसल ज्योतिषशास्त्र और देवीभग्गवत पुराण के अनुसार मां दुर्गा का आगमन आने वाले भविष्य की घटनाओं के बारे में हमें संकेत देता है। देवी भागवत पुराण में इस बात का जिक्र है की देवी के आगमन का अलग-अलग वाहन है।

**- शशिसूर्ये गजारूढ़ा शनिभौमे तुरंगमे।**
**गुरौ शुक्रे चदोलायां बुधे नौका प्रकी र्त्तिता ।।**

अर्थात सोमवार या रविवार को घट स्थापना होने पर मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं। शनिवार या मंगलवार को नवरात्रि की शुरुआत होने पर देवी का वाहन घोड़ा माना जाता है, गुरुवार या शुक्रवार को नवरात्र शुरू होने पर देवी डोली में बैठकर आती हैं। बुधवार से नवरात्र शुरू होने पर मां दुर्गा नाव पर सवार होकर आती हैं। देवी के वाहन का शुभ-अशुभ असर माता दुर्गा जिस वाहन से पृथ्वी पर आती हैं, उसके अनुसार सालभर होने वाली घटनाओं का भी आंकलन किया जाता है।

**- गजे च जलदा देवी क्षत्र भंग स्तुरंगमे।**
**नोकायां सर्वसिद्धि स्या ढोलायां मरणंधुवम्।।**

अर्थात देवी जब हाथी पर सवार होकर आती है तो पानी ज्यादा बरसता है। घोड़े पर आती हैं तो पड़ोसी देशों से युद्ध की आशंका बढ़ जाती है। देवी नौका पर आती हैं तो सभी की मनोकामनायें पूरी होती हैं और डोली पर आती हैं तो महामारी का भय बना रहता हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने ली निकाय के सभी शाखा व विभागो के अधिकारी कर्मचारियो की बैठक

## पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ सेवा भाव के मूलमंत्र से कार्य करे अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत अंबागढ चौकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बुधवार को निकाय के अधिकारी कर्मचारियो की बैठक कर सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। नगर अध्यक्ष ने अधिकारी कर्मचारियो को आगाह किया कि उनका काम ऐसा हो की कार्यो में पारदर्शिता व ईमानदारिता के साथ निकाय की छवी भी साफ सुथरी नजर आए। नगर पंचायत के सभागृह में दो घंटे चली नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारियो की बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शाखावार निकाय के सभी कार्यालय प्रमुखो से वन टू वन उनसे जुडे कार्यो की समीक्षा की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सीएमओ व उपयंत्री को निर्देश दिया कि पब्लिक सेक्टर से जुडे सभी कार्य एक सप्ताह के अंदर डिस्पोजल होनी चाहिए। बेवजह काम रोकने एवं गलत आचरण किए जाने तथा किसी तरह की अनुचित मांग या जनता से शिकायत मिलने पर कडी कार्रवाई की जाएगी। नगर अध्यक्ष ने सीएमओ को सभी कर्मचारियो के कार्यो की सतत मॉनिटरिंग करने और सभी शाखाओ का रूटीन में डेली अपडेट लेकर उन्हे नियमित अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में नगर अध्यक्ष ने निकाय के जल, सफाई, प्रकाश व लोक निर्माण , राजस्व शाखा, लेखा शाखा स्थापना शाखा के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, तिलक यादव, जलील रब्बानी, रामसाय पटेल, राजीव बारसागढे, सोफू जिलानी, दशरथ शर्मा, दीपक सलामे, रामकुमार देवागन, लोकेश सलामे, पीर खान, मकबूल खान, चेतन साहू, सिद्धार्थ देवागन, सहित निकाय के सभी शाखाओ के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**पीएम आवास व स्वच्छ भारत के कार्यो में फोकस**

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि उनके पहले कार्यकाल में नगर ओडीएफटाउन बना था और अब वे अपने दूसरे कार्यकाल में नगर को संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में आगे ले जाना चाहते है। उन्होने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगरवासियो के व्यवहार में परिवर्तन लाने की दिशा में टीम भावना के साथ कार्य करने की सीख दी। नगर अध्यक्ष ने कहा की उन्हे प्रधानमंत्री के ड्रीम संकल्प स्वच्छ भारत मिशन एवं हर वयक्ति को छत के लिए पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के केन्द्र सरकार की योजना का लाभ गरीब, जरूरतमंद व पात्र लोगो को दिलाना है।



**नगर अध्यक्ष दूसरी पारी में नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए पीएम आवास व स्वच्छ भारत मिशन को करेगे फोकस**

**स्वच्छता की सीख लेने इंदौर जाएगी टीम**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी अपने खर्चे व साधन से निकाय के सफाई विभाग से जुडे कर्मचारियो को अध्यन व संपूर्ण स्वच्छता का मूल मंत्र लेने इंदौर लेकर जाएंगे। यह अध्यन दल अप्रैल माह में इंदौर जाएगा और यहां ठहरकर कचरा कलेक्शन, गीला व सूखा कचरा का निष्पादन, नाली व नालो की सफाई सहित स्वच्छता से जुडे विभीन्न गतिविधियो एवं जनसामान्य के व्हार परिवर्तन की दिशा में किए गए कार्यो का अध्यन करेगा। टीम में नगर पंचायत के लोक निर्माण शाखा के कर्मचारी शामिल रहेंगे।

**वर्षो से रूके नामांतरण, अनुज्ञा, नियमितिकरण कार्य का डिस्पोजल हो**

नगर अध्यक्ष ने वर्षो से नामातंरण, भवन अनुज्ञा से जुडे कार्यो में की गई लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होने कहा की पिछले एक दो वर्ष से रूके हुए प्रकरणो व कार्यो को तत्काल निष्पादन करे। साथ ही नियमितिकरण व डायवर्सन को लेकर आ रही समस्याओ से शासन प्रशासन को अवगत कराते हुए तत्काल मार्गदर्शन लेकर काम शुरू करे। नगर अध्यक्ष ने कहा की निकाय के आय में वृद्धि के लिए यह आवश्यक है निकाय क्षेत्र में निर्माण किए गए, सभी मकानो को नगर पंचायत के राजस्व रिकार्ड में जोडे और नागरिको से टैक्स लेकर उन्हे समुचित सुविधाएं प्रदान करे। नगर अध्यक्ष ने राशन कार्ड, पेंशन, जन्म मृत्यु व विवाह पंजीयन तथा छोटी- छोटी कार्यो को लेकर नगर पंचायत पहुचने वाले नागरिको के कार्यो का तीन दिवस के अंदर निष्पादन करे।

**दो बार क्षमा व तीसरी बार मिलेगी सजा**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने उन लापरवाह कर्मचारियो को आगाह किया कि वे किसी भी कर्मचारी को नुकसान नही पहुचाना चाहते है। लेकिन यदि उन्होने अपने व्यवहार में परिवर्तन नही लाया और उनके कार्यो को लेकर गंभीर शिकायते मिली या लेन देन से जुडा हुआ कोई आरोप प्रमाणित हुआ तो वे किसी भी कर्मचारी को क्षमा नही करेगे। सामान्य शिकायते मिलने पर वे दो बार क्षमा करेगे। और तीसरी बार वे स्वंय कार्रवाई के लिए तैयार रहेगे। पीएम आवास, पेंशन, पंजीयन तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि में गडबडी तथा राशन कार्ड बनाने व नाम जोडने हटाने में आर्थिक अनियमितता की शिकायते मिली तो सीधी कार्रवाई होगी। उन्होने कर्मचारियो से यह भी कहा की जो यंहा से जाना चाहते है तो वे स्वंय चले जाए। अन्यथा शिकायते मिली तो उन्हे फिर यहां से जाना पडेगा।

# बिना उचित कारण जंजीर खींचने वालों पर रेलवे सुरक्षा बल की सख्त कार्रवाई

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा ट्रेनों में बिना किसी उचित कारण के खतरे की जंजीर खींचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में इस अभियान को प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।



आरपीएफ द्वारा वर्ष 2024 में कुल 847 मामले दर्ज कर 834 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे माननीय न्यायालय द्वारा ?3,50,195 का जुर्माना वसूला गया। वहीं, वर्ष 2025 में अब तक 208 मामलों में 193 लोगों की गिरफ्तारी हुई और ?16,900 का जुर्माना वसूला गया।

रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत, बिना किसी उचित कारण के जंजीर खींचना कानूनी अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर एक वर्ष तक की सजा या ?1,000 तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है।

**समय की बर्बादी और सुरक्षा पर खतरा**

ट्रेन में अनावश्यक रूप से जंजीर खींचने से न केवल ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित होती है, बल्कि कई यात्रियों के लिए गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं—

? मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने में बाधा

? परीक्षार्थियों और नौकरीपेशा लोगों का भविष्य प्रभावित

? गणमान्य व्यक्तियों के महत्वपूर्ण कार्यों में विलंब

? असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा

**रेलवे प्रशासन की अपील**

रेलवे सुरक्षा बल एवं रेल प्रशासन सभी यात्रियों, नागरिकों और समाज के जागरूक लोगों से अपील करता है कि—बिना किसी कारण के जंजीर खींचने वालों को ऐसा करने से रोकें। ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल या रेल प्रशासन को दें। अपने परिवार, परिचितों और समाज में जागरूकता फैलाएं ताकि इस अपराध को रोका जा सके। रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल इस अभियान को निरंतर जारी रखेगा और ट्रेन संचालन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्रवाई करता रहेगा।




# हिंदू नव वर्ष पर सनातन एकता यात्रा निकाली गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातन धर्म महासभा सेवा



परिवार द्वारा हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक हिंदू सनातन एकता यात्रा निकाली गई जिसमें सभी सर्व हिंदू समाज सभी हिंदू संगठनों ने अत्यधिक संख्या में हिस्सा लेकर सनातन एकता का परिचय दिया इस एकता यात्रा में सर्वप्रथम बालाजी मंदिर से सांसद संतोष पांडे मधुसूदन यादव नीलू शर्मा पारस वर्मा शिव वर्मा राजा मखीजा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोषपटाक भगवान राम हनुमान जी की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया इस शोभायात्रा में नौ देवी दुर्गा बालवीर हनुमान आदिवासी नृत्य भगवान राम हनुमान जी की झांकी डीजे व मधुर बैंड पार्टी और भजन मंडली के साथ यह यात्रा वाला बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई वह बालाजी मंदिर में शहर भ्रमण करते हुए बालाजी मंदिर में समाप्त हुई इस यात्रा में मुख्य रूप से सुदेश देशमुख जय नारायण सिंह डॉक्टर डीसी जैन डॉक्टर दीक्षित डॉक्टर मिथिलेशसुनील बाजपेई शारदा तिवारी मौसमी शर्मा ममता शर्मायोगेश बागड़ी अनूप श्रीवास्तव दामू भूतड़ा संजय बालाजी विसेन अग्रवाल संतोषहुका प्रियंक सोनी अनुराधा लोहिया ममता सोनी वास्तविक संख्या में सनातनी बंधु उपस्थित होकर इस सनातन यात्रा को सफल बनाएं।

# ऑपरेशन सेवा के तहत आरपीएफ ने बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया



**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) राजनांदगांव ने च्ऑपरेशन सेवाज्ज् के तहत एक बुजुर्ग महिला को उनके परिजनों से मिलाकर मानवता और सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।69 वर्षीय सरस्वती कोल्डे, निवासी जिला चंद्रपुर (महाराष्ट्र), ट्रेन संख्या 18029 शालीमार एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं। अत्यधिक भीड़ के कारण वे डोंगरगढ़ स्टेशन पर अपने परिजनों के साथ उतर नहीं सकीं और अकेली रह गईं।

जैसे ही आरपीएफ पोस्ट डोंगरगढ़ को इसकी सूचना मिली, निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में राजनांदगांव स्टेशन पर टीम ने सक्रियता दिखाई। ट्रेन के पहुंचते ही आरपीएफ ने बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उतारा और उन्हें आरपीएफ पोस्ट लाकर आवश्यक देखभाल की। इसके बाद परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही उनके भतीजे पंकज शेडे राजनांदगांव पहुंचे, जहां आवश्यक सत्यापन के बाद बुजुर्ग महिला को उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपनी परिजनों से मिलकर भावुक हुई सरस्वती कोल्डे ने आरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव तत्पर है और ऑपरेशन सेवा जैसे अभियानों के माध्यम से लोगों को राहत प्रदान कर रहा है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com